## महत्वपूर्ण एवं खास

### मामूली विवाद पर पत्नी और ससुर ने दामाद को बेदम पीटा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** अपनी पत्नी को लेने सरगीपाल पहुँचे पति को किसी बात को लेकर पत्नी के साथ ही ससुर व अन्य लोगों ने बेदम पिटाई कर दी, जिसके बाद 112 डॉयल की टीम ने घायल को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया है। 112 डॉयल प्रभारी अरुण नामदेव ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल घटनास्थल सरगीपाल पहुँचकर जांच करने पर पता चला कि पीड़ित सुदरू अपनी पत्नी और बच्चे को लाने अपने ससुराल सरगीपाल गया था, जहाँ किसी बात को लेकर पति -पत्नी के बीच बाद-विवाद हो गया, तो पत्नी के पिता, मामा ससुर और स्वयं पत्नी ने शराब के नशे में आवेश में आकर पीड़ित को डंडे से पीटा, जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट लगी है। घायल को ईआरव्ही 112 वाहन में बैठाकर डिमरापाल मेडिकल कॉलेज मे इलाज में भर्ती किया गया।

### मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर पीवी सिंधु को दी बधाई

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वीटजरलैंड में आयोजित बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के फाईनल में नोजोमी ओकुहरा को मात देकर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर पीवी सिंधु को अपनी बधई दी है। ज्ञात हो कि बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के फाइनल में सिंधु ने शानदार जीत कर गोल्ड मैडल अपने नाम कर दिया। भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधु वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ट्वीट कर दी बधाई दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने लिखा-इस चैंपियनशिप को जीतने वाली भारत की पहली महिला बनने पर पूरा देश गौरवान्वित हुआ है।

### फैक्ट्री में काम करते वक्त मजदूर का हाथ क्रेशर मशीन में फंसने से कटा, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर का क्रेशर मशीन में हाथ फंसने के चलते उसका हाथ कट गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कंपनी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेसरा थाना बेरला बेमेतरा निवासी ईश्वर यादव 25 वर्ष पिता प्रेमलाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धरसींवा सिलतरा स्थित लक्ष्मी कृपा इस्टीमेट पॉवर लिमिटेड कंपनी में प्रार्थी पिछले 1 वर्ष से क्रेशर मशीन चलाने का काम करता था। 23 अगस्त को काम करते समय क्रेशर मशीन के कनवेयर बेल्ट में लोहा फंस गया जिसे निकालते समय स्कार्फपट्टे में फंस गया जिसके चलते दाहिना हांथ क्रेशर मशीन के पट्टे में चला गया व दाहिना हाथ भुजा से मशीन में कटकर अलग हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने राजेंद्र अग्रवाल, ओपी अग्रवाल व ठेकेदार संजीव मिश्रा के खिलाफ धारा 287, 337 के तहत कंपनी ने काम कराते समय लापरवाही बरतने के जुर्म में मामला दर्ज कर लिया है।

### मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद पर प्राणघातक हमला कर दो युवकों को किया घायल, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में मटकाफोड़ का आयोजन कार्यक्रम के दौरान धरसींवा व टिकरापारा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद पर चाकू व बांस बत्ता व टंगिया से मारकर दो लोगों को घायल कर देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धरसींवा केवल पान ठेला के पास 25 अगस्त को मटकाफोड़ कार्यक्रम के दौरान परसतराई धरसींवा निवासी केशव साहू 24 वर्ष पिता धन्नूराम साहू को मामूली विवाद में मोहम्मद असगर 25 वर्ष पिता मोहम्मद मुजिर निवासी धरसींवा ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नियत से प्रार्थी के सिर पर बांस से मारकर प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज कर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 307 के तहत अपराध कायम किया गया है। इसी तरह टिकरापारा थाना क्षेत्र के मठपुरैना में मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान मठपुरैना निवासी दद्दू सारथी एवं सोनू सारथी ने बेवजह संजय पाल 34 वर्ष पिता स्व. रामदयाल पाल को गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं टंगिया से मारकर दाहिना पैर को जख्मी कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# दंतेवाड़ा जिले में आचार संहिता प्रभावशील-सुब्रत साहू

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी गई। इसी के साथ सम्पूर्ण दंतेवाड़ा जिले में आदर्श आचार संहिता भी प्रभावशील कर दी गई है। आचार संहिता लागू के साथ क्षेत्र से शासकीय खर्च में लगाए गए समस्त होर्डिंग व प्रचार-सामग्री हटाए जाएंगे। इसकी जानकारी आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने प्रेसवार्ता में दी।

श्री साहू ने बताया कि दंतेवाड़ा विधानसभा सीट के लिए मतदान 23 सितंबर को होगा। वहीं नामांकन दाखिल की अधिसूचना 28 अगस्त को जारी की जाएगी, जिसके बाद 4 सितंबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 सितंबर को तथा 7 सितंबर तक नाम वापसी होगी। मतगणना 27 सितंबर को होगा। श्री साहू ने बताया कि दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल 273 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें से यथासंभव 5 संगवारी मतदान केन्द्र (महिला मतदान केन्द्र) एवं 5 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किया जाएगा। कम से कम एक मतदान केन्द्र दिव्यांग शासकीय कर्मियों द्वारा संचालित होगा। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रानिक ट्रांसफर ऑफ पोस्टल बैलेट के द्वारा विधानसभा क्षेत्र 88-दंतेवाड़ा के कुल 256 सेवा मतदाताओं को मतपत्र जारी किए जाएंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सहायता केन्द्र होगा। निर्वाचन में इवीएम मशीन के साथ वीवीपीएटी का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का एक जनवरी




2019 की स्थिति में अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। सतत अद्यतीकरण के तहत वर्तमान में मतदाता सूची को अद्यतन करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

एक लाख 88 हजार 263 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोगः

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दंतेवाड़ा विधानसभा में कुल 1 लाख 88 हजार 263 मतदाता है। इनमें 89 हजार 747 पुरूष मतदाता एवं 98 हजार 876 महिला मतदाता है।

श्री साहू ने बताया कि उपचुनाव के लिए दंतेवाड़ा में रिर्टनिंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें इसी हफ्ते प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही चुनाव हेतु पर्यास सुरक्षा बल की व्यवस्था की जा रही है। श्री साहू उपचुनाव से संबंधित अन्य नियमों की भी जानकारी दी।

ऑनलाईन शिकायत की जा सकेगीः उपचुनाव की तारीख की घोषणा के साथ विधानसभा क्षेत्र दंतेवाड़ा में शामिल जिले दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर में सी विजिल एक्टिव हो गई है। इन क्षेत्रों में आचार संहिता के उल्लंघन की ऑनलाईन शिकायत सी विजिल सिटिजन ऐप के माध्यम से की जा सकती है।

## राज्य में कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश के आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए मौसम विभाग ने आज भी यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों में एक-दो बार हल्की बारिश अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून इस समय पूरे राज्य में सक्रिय है। मानसूनी द्रोणिका इस समय बीकानेर, सीकर, टिकमगए, उमरिया, अंबिकापुर, जमशेदपुर, दीघा होते हुए दक्षिण-पूर्व में बंगाल की खाड़ी तक ऊपरी हवा में 2.1 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। इधर कल बना कम दबाव का क्षेत्र जो कि मध्यप्रदेश के ऊपर सक्रिय था, आज मानसूनी द्रोणिका के साथ मिल गया है। इधर कल बना चक्रवाती सिस्टम जो कि उत्तरी ओडिशा और इसके आसपास के इलाकों के साथ ही पश्चिम बंगाल के गांगई क्षेत्र में सक्रिय था। आज पश्चिम बंगाल, झारखंड तक सक्रिय होकर समुद्र सतह से 0.9 किमी से लेकर 7.6 किमी की ऊंचाई पर पश्चिम दिशा की ओर झुक गया है। वहीं दक्षिण-पश्चिम मानसून का छोर जो कि पूर्व-पश्चिम दिशा की ओर सक्रिय है, आज मध्यभारत में 4.5 किमी की ऊंचाई से लेकर 7.6 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय बना हुआ है।

## आज की जरूरत के साथ भविष्य की चिंता भी जरूरी : गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू

**» गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बोरसी-दुर्ग में किया वृक्षारोपण**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने रविवार को बोरसी दुर्ग में श्री किल्ला मंदिर लोक न्यास समिति के तत्वावधान में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने हाथों से कई पौधे लगाए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृहमंत्री श्री साहू ने कहा कि समाज में जीवन के वास्तविक जरूरत के कार्य होना चाहिए। आज की जरूरत के साथ भविष्य की चिन्ता की जानी चाहिए। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं उनका संतुलित मात्रा में उपयोग, पेड़-पौधों की रक्षा और जंगलों को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है। आज पर्यावरण असन्तुलित होता जा रहा है जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलित दोहनए उजड़ते जंगल और अंधाधुंध पेड़.पौधों की कटाई है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाएं और उसकी सुरक्षा भी करें। उन्होंने कहा कि शहरों के साथ ही गाँवो की आबो.हवा प्रदूषित होती जा रही है। अगर यही स्थिति रही तो भविष्य में घोर संकट से गुजरना पड़ेगा। मानव के साथ जीव.जंतुओं का जीवन संकटमय हो जाएगा। उन्होंने भविष्य के इन संकटो से बचने के लिए लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा तथा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का आग्रह किया।

## मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना 2 अक्टूबर से प्रदेश भर में होगी लागू

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना को अब अच्छा प्रतिसाद मिलने लगा है।



राज्य के वनांचल क्षेत्रों के साथ ही दूरस्थ अंचलों में सहज चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई इस योजना से नागरिक बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं। इलाकों के हॉट-बाजारों में पहुंचने वाले ग्रामीणों का मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। यह योजना जून 2018 से शुरु की गयी है। बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से लोग लाभान्वित हो रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगामी 2 अक्टूबर से इसे पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना की सतत समीक्षा मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा प्रतिदिन की जा रही है। मुख्यमंत्री स्वयं इसकी हर माह समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस योजना को प्रदेश में लागू करने के संबंध में मुख्यसचिव और सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिख कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग को इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन के सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## तेज रफ्तार एक्सयूवी के चपेट में आने से बाइक सवार पिता पुत्र की मौत

**कोरिया (आरएनएस)।** जिले के चरचा थाना के बिशुनपुर में आज सुबह करीब 7 बजे के आसपास तेज रफ्तार एक्सयूवीवाहन क्रमांक सीजी 16 सीएल 0973 वाहन ने बाइक सवार पिता व पुत्री को अपनी चपेट में ले लिया इस दर्दनाक हादशे में पिता व पुत्री की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार चरचा कालरी क्षेत्र के रूपनगर दफाई, निवासी राजेन्द्र शर्मा,उम्र-50 वर्ष,जाति-बढ़ई और उनकी सुपुत्री कु.आँचल शर्मा उम्र-16 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गई मृतक पिता अपनी 16 वर्षीय पुत्री को कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षा दिलाने मनेन्द्रगढ़ जा रहे थे तभी बिशुनपुर पुलिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूवी व मोटरसाइकिल में भीषण भिडंत हुई व भिडंत इतनी खतरनाक थी कि बाइक सवार पिता व पुत्री सड़क किनारे जा गिरे जिसमे कार भी पलट गई हादशे में बाइक सवार मृतक राजेन्द्र शर्मा ने सुरक्षा हेतु हेलमेट भी पहना था जो कि हादशे में टूटकर बिखर गया इस हादशे के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को किसी प्रकार जिला अस्पताल पहुंचाया पर अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादशे के बाद 4 सदस्यीय शर्मा परिवार मातम में है व पिता व बेटी के गम में माँ व 11 वर्षीय पुत्र सदमे में हैं।

## चिटफंड कंपनियों ने 50 हजार करोड़ का घोटाला किया, निवेशकों ने दिया धरना

**रायपुर (आरएनएस)।** नागरिक अधिकार संघर्ष समिति के बैनर तले अध्यक्ष शुभम साहू के नेतृत्व में 8-9 चिटफंड कंपनियों द्वारा प्रदेशभर में ग्रामीण क्षेत्रों में सीधे-साधे ग्रामीणों से जमा राशि में अधिक ब्याज का लालच देकर 50 हजार करोड़ का घोटाला किया गया



अनेकों बार ज्ञापन देने के उपरांत भी शासन प्रशासन द्वारा निवेशकों की राशि वापस नहीं मिली है। आज बुढ़ापारा धरना स्थल में समिति के द्वारा अनेक निवेशकों को लेकर धरना दिया गया। समिति के अध्यक्ष साहू ने बताया कि शासन के दबाव के कारण केवल एक दो कंपनियों द्वारा ही आधा अधूरा भुगतान किया गया है। जबकि 50 हजार करोड़ का घोटाला करने वाली कंपनियों के डायरेक्टर फरार है। चिटफंड कंपनियों की संपत्ति जब्त कर निवेशकों की राशि तत्काल वापस कराने की मांग को लेकर उक्त धरना दिया जा रहा है।

## रेलवे स्टेशन में पाकेटमारी की घटनाओं में हुआ इज़ाफा, आये दिन यात्रियों की जेब कट रही

**» स्टेशन में सीसी टीवी कैमरा सिर्फ नाम का**

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेलवे स्टेशन में चोरी, उठाईगिरी व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए स्टेशन में जगह-जगह सीसी टीवी कैमरा लगाए जाने के बावजुद भी चोरी व उठाईगिरी की वारदातों में कोई कमी नहीं आ रही है। जैसे ही स्टेशन के प्लेटफार्म पर लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों का आगमन होता है खुलेआम पॉकेट मार यात्रियों के जेबें काटने में लग जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को शाम 4.20 को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का प्लेटफार्म नंबर 1 पर पहुंचते ही पॉकेट मार ने जनरल बोगी में बैठे दो यात्रियों के जेब से पर्स व मोबाईल पार कर दिया ट्रेन छूट जाने के भय से वे इस घटना की रिपोर्ट जीआरपी थाने में दर्ज नही करवा पाये। रायपुर रेलवे स्टेशन में पाकेट मारों को पता होता है कि



यात्री को जब जेब कटने का एहसास होगा तब तक ट्रेन छूट जायेगी इसी बात का फायदा उठाकर वे निश्चित होकर जेब काट रहे है। स्टेशन में जीआरपी व आरपीएफ यात्रियों की मदद के लिये जनरल बोगियों के सामने नजर नही आती। वहीं स्टेशन में कंट्रोलरुम के जरिये आने -जाने वालों पर नजर रखने की बात की जाती है उसके बावजूद भी खुलेआम पॉकेटमारी व चोरी,उठाईगिरी होना यात्रियों की समझ से परे है। पैसे की कमी की वजह से गरीब यात्री स्लीपर कोच की जगह जनरल कोच में अत्यअधिक भीड़ होने के बावजूद भी सफर करते है ताकि कम पैसे में वे अपने गतब्य स्थान पर पहुंच सके।

## शुरू से ही डाले बच्चे में पैसे बचाने की आदत

बचपन बेपरवाहियों के दिन होते हैं, लेकिन इस दौर में नर्सरी के बच्चे का स्कूल बैग भी दसवीं के बच्चे के स्कूल बैग के बराबर भारी होते हैं. यानी बेपरवाहियां अब नहीं रह गई. अब बचपन से ही बच्चों को जिम्मेदार बनाने की होड़ है. मां-बाप उन्हें हर फिल्ड में एक्सेल देखना चाहते हैं. ऐसे में आज जानिए कि अपने छोटे बच्चे को बचपन से ही कैसे पैसे बचाने की आदत डलवाएं-



*सबसे पहले तो बताएं कि पैसा कितना महत्वपूर्ण है. इतना पैसा कमाने के लिए आपने कितनी ज्यादा मेहनत की है. कैसे हिसाब से खर्च करने के बाद ही आप इतने पैसे बचा पाए हैं.

*बच्चों को बाजार जाते ही हर चीज खरीदनी होती है. उसकी इस आदत पर लगाम लगाएं. बच्चे को ज़रूरत और लग्जरी का फर्क बताएं.

*पिगी बैंक या गुल्लक एक बेस्ट ऑप्शन है. बच्चे को सिखाएं की बचे हुए पैसे या बड़े-बुजुर्गों से मिले पैसे को इसमें सेव करें.

*बच्चे का बैंक अकाउंट भी खुलवाएं

*एक बार मं नहीं पूरी करें कोई भी डिमांड

*पॉकेट मनी का रखें ध्यान

*बच्चे को लालच दें कि वह पैसे सेव करे. उसी पैसे से आप उसकी साइकिल, बैट आदि खरीद देंगे

* बर्बादी का नुकसान समझाएं. किसी भी रूप में पैसे की बर्बादी नहीं करने की सीख दें.

## बैड बॉय बनकर जैकलीन संग रोमांस करते नज़र आए प्रभास



सुपरस्टार प्रभास और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'साहो' के मेकर्स ने इसकी रिलीज़ से चंद रोज़ पहले फिल्म का एक और नया गाना 'बैड बॉय' रिलीज़ कर दिया है. गानें प्रभास अभिनेत्री जैक्लीन फर्नांडीज़ के साथ नज़र आ रहे हैं. इस गाने में प्रभास एक अलग ही अवतार में दिखाई दे रहे हैं. 'बैड बॉय' गाने को मशहूर रैपर और सिंगर बादशाह और नीति मोहन ने गाया है. इस धमाकेदार गाने में संगीत भी बादशाह का ही है और लिरिक्स भी उनके ही हाथों लिखे गए हैं. गाना काफी तड़का भड़कता है और इसमें प्रभास जैक्लीन के साथ फ्लर्ट करते नज़र आ रहे हैं. इस गाने से पहले बीते दिनों फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज़ किया गया, जो कि दर्शकों को खूब पसंद आया है. ट्रेलर में धमाकेदार एक्शन सीन्स की झलक देखकर प्रभास और श्रद्धा के फैंस इस फिल्म का बड़ी बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं. आपको बता दें कि फिल्म के दो गाने पहले ही रिलीज़ किए जा चुके हैं.

## रामायण में रितिक रोशन के राम बनने पर आया डायरेक्टर का रिऐक्शन

पौराणिक ग्रंथ रामायण पर एक बड़ी फिल्म बनाए जाने की तैयारी हो रही है जिसका डायरेक्शन नितेश तिवारी करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इसे 3डी में शूट किया जाएगा। इस बड़ी घोषणा के बाद फिल्म के लीड ऐक्टर्स के नामों पर लगातार चर्चा हो रही है। पिछले दिनों आई रिपोर्ट्स की मानें तो, फिल्म में राम और सीता के किरदार के लिए रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण से संपर्क किया गया है। हालांकि इन दिनों अपनी फिल्म 'छिछोरे' के प्रमोशन में व्यस्त नितेश ने एक पोर्टल से इस मामले पर खुलकर बातचीत की।

नितेश से जब यह पूछा गया कि रितिक रामायण का हिस्सा होंगे या नहीं। तब उन्होंने कहा, नहीं, हम अभी ड्राफ्ट पर ही काम कर रहे हैं, हम तब तक किसी से भी नहीं पूछेंगे, जब तक ड्राफ्ट पूरा नहीं हो जाता है। कास्टिंग और बाकी पहलू बाद में आते हैं। श्रीधर राघवन पटकथा लिख रहे हैं और एक बार ड्राफ्ट पूरा होने के बाद ही हम आगे बढ़ेंगे।' इस फिल्म को नितेश तिवारी के साथ रवि उडयावर भी डायरेक्ट कर रहे हैं और खबर है कि यह भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक होगी।



इससे पहले फिल्म के बारे में बात करते हुए नितेश तिवारी ने कहा था, मैं रामायण पर काम करने के लिए काफी उत्साहित हूं। जैसे ही मैं अपनी फिल्म छिछोरे पूरी कर लूंगा तो मैं रामायण पर काम करना शुरू कर दूंगा। यह मेरे लिए एक चैलेंजिंग प्रोजेक्ट होगा क्योंकि मेरे ऊपर यह जिम्मेदारी होगी कि मैं इसे देश के सम्मान के तौर पर पेश कर सकूं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को हिंदी, तेलुगू और तमिल में बनाया जाएगा और यह फिल्म 500 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट से तैयार की जाएगी।